प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ अमृत पर्व केवल अतीत का उत्सव नहीं है बल्कि यह आने वाले एक हजार वर्षों तक देश की प्रेरणा बनेगा। गुजरात में सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ लोगों को यह याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तभी लंबे समय तक मजबूती से खड़ा रह सकता है जब वह अपनी जड़ों से जुड़ा रहे। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को न तो झुका सकती और न ही दबा सकती है।

....

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने चिट्टा मुक्त हिमाचल के लिए अनेक कदम उठाए हैं और इसके खिलाफ एंटी चिट्टा अभियान चलाया जा रहा है। आज शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग खासतौर पर युवाओं को इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अभियान एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जहां पंचायत स्तर पर भी चिट्टा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चिट्टे में संलिप्त सरकारी कर्मचारियों के लिए कड़ी कार्रवाई कर रही है और अभी तक एक सौ 22 कर्मचारी इन गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं, जिनमें से 31 को बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इसमें संलिप्त व्यक्तियों की करोड़ों की सम्पति भी ज़ब्त की है।

....

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश का जी.एस.टी का पैसा रिलीज नहीं कर रही है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र की नीतियों के कारण देशभर में महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि कमला नेहरू अस्पताल को आईएमसी शिफ्ट करने का फैसला मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों के साथ बैठक के बाद लिया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसको लेकर गंभीर हैं और सभी संगठनों व लोगों से बातचीत करने के बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा।

....

<u>दुर्घटना</u>

चंबा जिले के भटियात उपमंडल के तुन्नुहट्टी–लाहड़ू मार्ग पर ककीरा के पास आज तड़के एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह पर्यटकों की मृत्यु हो गई है और दो बच्चों सहित चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतकों में गुजरात के पांच पर्यटक थे, जबकि चालक मंडी जिले का निवासी था। ये पर्यटक हिमाचल प्रदेश घूमने आए थे और मनाली से डलहौजी जा रहे थे। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि दुर्घटना के समय इलाके में तेज बारिश हो रही थी और घटना के तुरंत बाद बचाव व राहत कार्य शुरू कर दिए गए। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने और घायलों को ईलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं।

....

<u>नामांकन</u>

प्रदेश में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के आज अंतिम दिन बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्रों की जांच कल 12 मई को होगी, जबकि 14 और 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में मतदान करवाया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चलेगा।

....